**विधान परिषद के प्रथम सत्र-2023 के प्रथम मंगलवार के लिये निर्धारित श्री आशुतोष सिन्हा, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-8 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 8.(क) क्या दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री बतायेंगे कि वर्तमान में प्रदेश में कुल कितने दिव्यांगजन पंजीकृत है ? | दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान योजना के अन्तर्गत अद्यतन 11,19,129 दिव्यांगजन पंजीकृत है। |
| (ख) क्या पंजीकृत सभी दिव्यांगो को पेन्शन मिल रही है ? | सभी पंजीकृत पात्र दिव्यांगजन को पेंशन की सुविधा स्वीकृत/अनुमन्य है। |
| (ग) प्रदेश में दिव्यांगजनों को और अधिक सुविधा प्रदान किये जाने के संबंध में कोई कार्य योजना है ? | दिव्यांग व्यक्तियों के सर्वांगीण विकास के लिये विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उनका शैक्षणिक, सामाजिक एवं आर्थिक पुनर्वासन किया जाता है, शैक्षणिक योजनाओं के अन्तर्गत, पूर्व प्राथमिक शिक्षा के लिये बचपन डे केयर सेन्टर, माध्यमिक स्तर की शिक्षा के लिये प्रयास, संकेत, स्पर्श एवं ममता विद्यालय, कौशल विकास केन्द्र तथा उच्च शिक्षा हेतु डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय संचालित है।<br>आर्थिक पुनर्वासन हेतु दुकान निर्माण/दुकान संचालन योजना व सामाजिक पुनर्वासन के लिये, कुष्ठावस्था पेंशन योजना, शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना, कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजना, शल्य चिकित्सा अनुदान योजना, मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल योजना आदि संचालित है। |
| (घ) यदि हॉं, तो उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ? | उक्तानुसार। |

नरेन्द्र कश्यप
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग।